ओवेरियन टॉरशन (मरोड़)
OVARIAN TORSION-1

यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि ओवेरियन टॉरशन क्या है, आपको किन परीक्षणों की आवश्यकता है और आपके और आपके बच्चे के लिए इसका पता लगने का क्या महत्व है ।

ओवेरियन टॉरशन क्या है?

ओवेरियन टॉरशन/ मरोड़ (जिसे एडनेक्सल टॉरशन भी कहा जाता है) एक आपातकालीन सर्जिकल स्थिति है। यह तब होता है जब वैस्कुलर एक्सिस के चारों ओर एडनेक्सल सहायक संरचनाए घूम जाती हैं । इस घटना के दौरान, रक्त प्रवाह में गड़बड़ी हो सकती है और एडनेक्सल क्षति हो सकती है। यह स्थिति अंडाशय और फैलोपियन ट्यूब में अलग-अलग या एक साथ हो सकती है।

ओवेरियन टॉरशन कैसे प्रस्तुत करते है?

एडनेक्सल टॉरशन अचानक पेट के निचले हिस्से में दर्द के साथ शुरू होता है। मतली और उल्टी काफी आम है; कभी कभी बुखार भी हो सकता है ।

एडनेक्सल टॉरशन के जोखिम कारक क्या हैं?

प्रजनन आयु की महिलाओं में एडनेक्सल टॉरशन अधिक आम है। पिछला एडनेक्सल टॉरशन एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। बढ़े हुए अंडाशय से जुड़ी स्थितियों को जोखिम कारक माना जाता है: बांझपन उपचार के बाद एडनेक्सल गाँठ , पॉलीसिस्टिक अंडाशय, ओवेरियन हाइपरस्टिम्यूलेशन।

क्या गर्भावस्था के दौरान एडनेक्सल टॉरशन हो सकता है?

हां, पहली तिमाही के दौरान एडनेक्सल टॉरशन अधिक बार हो सकता है और आमतौर पर गर्भावस्था के दौरान बढ़े हुए कॉर्पस ल्यूटियम का पता लगाया जाता है।

मुझे कौन से जाँच कराने चाहिए?

अल्ट्रासाउंड इसका पता लगाने के लिए पहली जाँच है। कुछ अल्ट्रासाउंड निष्कर्ष हैं जो एडनेक्सल टॉरशन का पता लगाने में मदद कर सकते हैं। दुर्भाग्य से, खून जाँच एडनेक्सल टॉरशन का पता लगाने में उपयोगी नहीं हैं।

क्या मुझे सर्जरी करानी चाहिए?

यदि ओवेरियन टॉरशन का संदेह हो तो सर्जरी की सलाह दी जाती है। प्रीमेनोपॉज़ल रोगियों में कन्सेर्वटिवे इलाज़ की सलाह दी जाती है। इसमें गाँठ को हटाना और घुमाव को खोलना शामिल है। रजोनिवृत्ति महिलाओं में, एकतरफा सैल्पिंगो-ओफोरेक्टॉमी को प्राथमिकता दी जाती है। सर्जरी के बाद 4-6 सप्ताह के बाद अल्ट्रासाउंड जांच करानी चाहिए।

क्या ऐसा दोबारा हो सकता है?

हां, एडनेक्सल टॉरशन दोबारा हो सकता है। विशेष रूप से, जिन रोगियों में सामान्य एडनेक्सा (बिना किसी ओवेरियन सिस्ट के) का मरोड़ होता है, उनमें दोबारा होने का खतरा अधिक होता है। इस मामले में, लैप्रोस्कोपिक ओओफोरेक्टॉमी करने का सुझाव दिया जा सकता है।